देशबन्धु
प्रादेशिकी
महासमुंद-धमतरी-बलौदाबाजार-पिथौरा

सोमवार, 17 जुलाई 2017

उल्टा पुल्टा

भारतीय- सुबह -सुबह मेरी नींद आज़ान से खुलती है
पाकिस्तानी - खुशनसीब हो भाई जान , हमारी तो बम धमाके से खुलती है

प्राकृतिक झरने का आनंद लेने जतमई-घटारानी में उमड़े पर्यटक

राजिम, 16 जुलाई (देशबन्धु)। रविवार का दिन राजिम क्षेत्र के घटारानी और जतमई के लिए किसी मेले से कम नही था। बेतहाशा, बेकाबू भीड़ थी। वैसे दोनों ही देवी मां का स्थल धार्मिक और पर्यटन के दृष्टिकोण से आसपास के कई जिलों में ख्याति प्राप्त किया हुआ है। लिहाजा जैसे ही छुट्टी का दिन या सण्डे होता है लोग यहां अपने परिवार व दोस्तों के साथ दर्शन और पिकनिक के लिए पहुंचते हैं। चारपहिए वाहनों के अलावा दोपहिए में भी इस रविवार को पहुंचने वालों की भारी भीड़ थी। गरियाबंद जिला के अलावा रायपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, धमतरी, बालोद और महासमुंद जिले से भी बड़ी संख्या में आने वाले पर्यटकों का सुबह से लेकर शाम तक आने-जाने का सिलसिला लगा रहा। राजिम से लेकर घटारानी और जतमई मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें सड़कों पर देखने को मिली। इन वाहनों में एक-दूसरे से आगे बढ़ने की होड़ भी मची रही। यही हाल दोपहिए सवारों की भी थी। दोपहिए में अधिकतर नकाब लगाए जोड़ें सवार थे। ऐसे लोग केवल दर्शन का बहाना कर आते हैं और खूब इंजॉय करते हैं। वैसे भी बारिशकाल लगते ही घटारानी-जतमई की सौंदर्य प्राकृतिक झरने के कारण बढ़ जाती है। जंगल और पहाड़ से नीचे गिरने वाली झरने का झर-झर बहते पानी पर्यटकों को लुभाने के साथ काफी आकर्षित करता है। इस झरने में खड़े होकर नहाने का कुछ अलग ही आनंद होता है। शहरीय क्षेत्रों के लोगों के लिए यह दुर्लभ होता है। लिहाजा शहरों से लोग बड़ी संख्या में पिकनिक का आनंद लेने के लिए यहां हर सण्डे को पहुंचते हैं। बारिशकाल लगने के बाद पिछले तीन-चार रविवार से आसपास के ईलाके सहित कुछ जिलों से भक्त यहां दर्शन करने, मौज-मस्ती और पिकनिक मनाने परिवार व दोस्तों के साथ पहुंचने लगे हैं। पहुंचे लोगों में ज्यादातर ऐसे रहे, जो केवल पिकनिक और इंजॉय के दृष्टिकोण से हरे-भरे, घने जंगल और पहाड़ी के इस सुरम्यवादी में बह रहे प्राकृतिक झरने को न केवल नजदीक से देखने, बल्कि झरने का असली मजा लेने आए थे। लड़के तो लड़के, लड़कियां और महिलाएं भी जी भरकर झरने का आनंद लेने भीड़ में कूद पड़ी थी। भीड़ को देख कर लग रहा था कि यहां मानों कोई मेला लगा हो। वैसे बारिश के इस मौसम में मां जतमई के दरबार में भक्तों और श्रद्धालुओं की वनिस्बत पर्यटकों, सैलानियों और पिकनिक मनाने वालों की भीड़ बारिश के दिनों में ज्यादातर देखने को मिलती है। बारिश में झरने का आनंद लेने और जंगल के बीच मंगल मनाने लोग पहुंचते हैं।

इसी तरह राजिम-छुरा के बीच मां घटारानी के दरबार में भी जबर्दस्त भीड़ रविवार को रही है। लोग झरने का खूब लुत्फ़उठाए हैं। बेकाबू भीड़ के चलते सैकड़ों लोगों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा है। घटारानी का झरना भी अपनी ओर खूब आकर्षित कर रहा है। दोनों मंदिर क्षेत्र में बारिशकाल में पर्यटक और सैलानी झरने का ही आनंद लेने पहुंचते हैं।

घर लौटे अमरनाथ यात्रियों का स्वागत

बलौदाबाजार, 16 जुलाई (देशबन्धु)। अमरनाथ यात्रा के लिए बलौदाबाजार से निकले 30 शिव भक्तों का जत्था बलौदाबाजार आ गया। गार्डन चौक पर जत्थे की सकुशल वापसी पर भव्य स्वागत किया गया। जत्थे का ढोल नगाड़े के साथ हर-हर, बम-बम एवं बाबा अमरनाथ बर्फानी के जयकारे के साथ भव्य स्वागत किया।

जत्थे में शामिल शिव भक्त मुकेश रोहरा ने बताया कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा करना एक चुनौती पूर्ण साहस भरा कार्य था क्योंकि 8 जुलाई को मारे गए आंतकी बुरहान वानी की बरसी के कारण घाटी का माहौल दहशत भरा था। जत्थे का स्वागत नगर के वरिष्ठ नागरिक प्रकाश जैन एवम युवा कमलेश रोहरा, पवन केशरवानी, राजू गुप्ता, इंदु हेमनानी, बिट्टू रोहरा, सुमित रोहरा, विक्की पंजवानी, अंकित हेमनानी, संजय रोहरा, कमलेश पंजवानी, विक्की दुलानी, आकाश सोनी, प्रशांत केशरवानी एवं नगर के विभिन्न संगठन के द्वारा किया गया।

सार - संक्षेप

- **तेलीनसती हत्याकांड-सुराग बताने वाले को 10 हजार का ईनाम**

धमतरी, 16 जुलाई (देशबन्धु)। थाना अर्जुनी अंतर्गत ग्राम तेलीनसती में महेंद्र सिन्हा, उनकी पत्नि और पुत्र की जघन्य हत्या को लेकर पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। सूत्रानुसार पुलिस किसी भी ऐसे प्वाइंट को जांच के समय नहीं छोड़ रही है ताकि हत्यारे का पता जल्द से जल्द लगे। इसी परिप्रेक्ष्य में जिला पुलिस अधीक्षक मनीष शर्मा ने उनको प्रदत्त शक्ति के अनुसार हत्यारे की सूचना देने, गिरफ्तार कराने वाले व्यक्ति को 10 हजार रूपये का नगद पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की है।

- **बेनीराम हरदेव बने पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के सचिव**

महासमुंद, 16 जुलाई (देशबन्धु)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के संस्थापक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत प्रमोद कुमार जोगी के निर्देशानुसार एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिलाध्यक्ष शेख छोटे मिया के अनुशंसा से बृजेश साहू, प्रदेशाध्यक्ष जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के द्वारा बेनी राम हरदेव को प्रदेश पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। ज्ञात हो कि बेनीराम हरदेव लोधी समाज आंरा पश्चिम केपूर्व अध्यक्ष रहे है एवं वरिष्ठ बीमा अभिकर्ता हैं। हरदेव के नियुक्ति पर पूर्व विधायक परेश बागबाहरा, हरिराम भारद्वाज, भागीरथी चंद्राकर, वतन चंद्राकर, कार्तिक राम लाखे, रमेश साहू, सुनील शर्मा, दीपक सिन्हा, धीरज सरफ राज, हीरा बंजारे, खिलावन ध्रुव, मुकेश अग्रवाल, नीरज परोहा, हेमंत साहू, विजय बंजारे, प्रेमलाल टंडन, शिव सिन्हा, पवन धुव, संपत पटेल, रज्जाक, गिरधर आवडे, शकील खान, दीपक साहू, राजू मन्नाडे आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई प्रेषित किया है।

करंट लगने से युवक की मौत

गरियाबंद, 16 जुलाई (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से 12 किमी दूर ग्राम पंडरीपानी मे करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंडरीपानी निवासी जागेश्वर ध्रुव पिता रायसिंह ध्रुव उम्र 28 वर्ष आज सुबह अपने खेत मे पानी निकालने के लिए लगाए गए मोटर पम्प मे खराबी आने के कारण उसकी जांच करने के लिए खेत मे गया था। उसी वक्त बिजली सप्लाई बंद थी किन्तु अचानक बिजली सप्लाई आने से जागेश्वर करंट की चपेट मे आ गया और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। बताया जाता है कि खेत मे भरे हुए पानी को निकालने के लिए मोटरका उपयोग किया गया था। लेकिन मोटर मे लगा तार कई जगह से कटाफटा था जिसके कारण बिजली सप्लाई होते हुए पानी मे उतरे युवक को अपने चपेट मे लिया। घटना की जानकारी मिलते ही सीटी कोतवाली थाना प्रभारी संतोष भुआर्य भी अपनी टीम के साथ घटना स्थल पर पहुचे और मौके का निरीक्षण किया। ग्रामीणो तथा मृतक के परिजनो से जानकारी लेने के बाद पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टड के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने घटना को मर्ग कायम कर लिया है।

पांच वर्ष बाद भी जिला आयुर्वेद अधिकारी का कार्यालय नही खुला

बलौदाबाजार, 16 जुलाई (देशबन्धु)। बलौदाबाजार को जिला बने पांच वर्ष व्यतीत हो चुके है किन्तु आज भी आयुष विभाग का जिला कार्यालय का शुभारंभ आज तक नही हो पाया है। जिसके कारण जिले के लोगो को इसका पूर्णत लाभ जो मिलना चाहिए वो नही मिल पा रहा है और उन्हे राजधानी रायपुर की तरफभूंह ताकना पडता रहा है। छोटे-छोटे कामों को लेकर आज भी रायपुर का चक्कर लगाना पड़ता है जिससे समय के साथ आर्थिक परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। जहां शासन एक ओर आयुष विभाग को बढ़ावा देने का काम करती है वही राज्य शासन के अधिकारी की मनमानी की वजह से आज तक यहां का कार्यालय प्रारंभ नही हो सका है।

सूत्रो की माने तो जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा आयुष विभाग को मकान किराये पर लेने की अनुमति भी प्राप्त हो चुकी है किन्तु आज तक राज्य शासन से उसकी स्वीकृति नही मिलने के कारण कार्य अधुरा अटका पडा है। जिसके वजह से जिले के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारीयों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है और उन्हें दवाईयों को लेने रायपुर तक जाना पडता है।

इस संबंध मे जब बलौदाबाजार के आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. एल एस ध्रुव से चर्चा की गयी तो उन्होने बताया कि दो माह पूर्व कलेक्टर महोदय से किराये के मकान के लिए स्वीकृति मिल चुकी है तथा इसको लेकर विभागीय उच्चाधिकारीयों को कलेक्टर सर के अनुमति आदेश से अवगत कराया जा चुका है। साथ ही जिस जगह को किराये के लिए चयनित किया गया है उनसे आठ माह पूर्व से ही अनुमति ले ली गयी है इसकी भी जानकारी वरिष्ठ अधिकारीयो को दिया जा चुका है। जैसे ही उनकी अनुमति प्राप्त होती है शीघ्र ही जिला आयुर्वेद कार्यालय प्रारंभ हो जायेगा।

बाढ़ बचाव दल ने जिले में प्राप्त नए रबर मोटरबोट से किया पूर्वाभ्यास

ओंकार यदु, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवकुमार तिवारी, संयुक्त कलेक्टर नाहटा, डिप्टी कलेक्टर एचसी नाग, बाढ़ आपदा केंद्रभारी अधिकारी प्रेमप्रकाश

महासमुंद, 16 जुलाई (देशबन्धु)। जिले केशहीद वीर नारायण जलाशय कोडार बांध में नगर सेना के जवानों ने बाढ़ आपदा की स्थिति में बाढ़ पीड़ितों को बचाने एवं उनकी प्राण रक्षा करने का पूर्वाभ्यास किया। इस अवसर पर बाढ़ बचाव दल द्वारा महासमुंद जिले में इसी वर्ष प्राप्त हुई रबर की मोटर बोट के साथ एल्यूमिनियम की मोटरबोट लाईफ जैकेट आदि के माध्यम से मॉक ड्रिल किया गया। इस अवसर पर बाढ़ से पहले नागरिकों को सचेत करने और उन्हें सुरक्षित क्षेत्र में पहुंचाने, बाढ़ केदौरान और बाढ़ केबाद किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों और प्राथमिक उपचार की भी जानकारी दी गई। कमांडेड नगर सेना एनआर टंडन के नेतृत्व में किए गए इस पूर्वाभ्यास में शामिल होने और इसे देखने के लिए अपर कलेक्टर ओंकार यदु, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवकुमार तिवारी, संयुक्त कलेक्टर नाहटा, डिप्टी कलेक्टर एचसी नाग, बाढ़ आपदा केंद्रभारी अधिकारी प्रेमप्रकाश

नैनी नाला योजना पर सर्वेक्षण से हर्ष

महासमुंद, 16 जुलाई (देशबन्धु)। नैनी नाला में ग्राम धनगांव के पास डायवर्सन बना कर पाइप लाइन के माध्यम से कोडार नाला में पानी लाने की योजना को मूर्त रूप देने के लिए किए जा रहे सर्वेक्षण पर हर्ष जाहिर करते हुए इसके लिए अभियान चला रहे भाजपा नेता हितेश चंद्राकर ने कहा है कि यह योजना पूरे महासमुंद ब्लॉक के किसानों के लिए वरदान साबित होगा।

श्री चंद्राकर ने कहा कि निर्माण के बाद से कोडार बांध में 11 बार ही पूरी क्षमता का पानी भरा है। वहीं पिछले 3 सालों से तो बांध में 50 प्रतिशत भी पानी नहीं भर पा रहा है। लोक सुराज अभियान में भी उनकी पहल पर क्षेत्र के किसानों ने बड़ी संख्या में इसके लिए जल संसाधन विभाग को आवेदन दिया था। नतीजतन शासन व जल संसाधन विभाग महासमुंद के अधिकारियों ने इसे संज्ञान में लेकर सर्वेक्षण करना प्रारंभ कर दिया है, जो किसानों के लिए शुभ संकेत है। इसके साथ ही पाइप लाइन के माध्यम से ही सिरपुर के पास महानदी में प्रस्तावित बैराज से भी पानी लाने की योजना के सर्वेक्षण के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। इन दोनों योजनाओं के अमल में आने से महासमुंद क्षेत्र में दो फसल होगी। एक तरह से यह क्षेत्र कृषि के क्षेत्र में पंजाब की तरह हो जाएगा। शासन द्वारा अपने स्तर पर इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए प्रयास तो किया जा रहा है। इसके साथ ही कमांड क्षेत्र सहित बांध के ऊपर 10 किलो मीटर के दायरे में आने वाले गांवों किसानों को संगठित करने के लिए एक बार फिर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से कमांड क्षेत्र के 52 गांव सहित उपरी क्षेत्र को मिला कर लगभग 75 से 80 गांवों के किसानों को लाभ होगा। इसलिए संगठित किसान तब तक सरकार व अधिकारियों को प्रोत्साहित करते रहेंगे, जब तक यह योजना मूर्त रूप ने ले ले।

जनता कांग्रेस की मासिक बैठक संपन्न

महासमुंद, 16 जुलाई (देशबन्धु)। विगत दिनों स्थानीय रेस्ट हाऊस में जनता कांग्रेस जे के मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनता कांग्रेस जे केजिलाध्यक्ष शेख छोटे मियां पार्टी को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि जनता कांग्रेस केपदाधिकारी ज्यादा से ज्यादा सदस्यता अभियान केकार्यों पर ध्यान दें। जन-जन जोगी, घर-घर जोगी अभियान के तहत जोगी का शपथ पत्र घर-घर पहुंचाए और संगठन को मजबूत करने हर कार्यकर्ता भरसक प्रयास करें। पश्चात जनता कांग्रेस केसभी प्रकोष्ठों, जिलाध्यक्षों के कार्यों और कार्यकारिणी के संबंध में जानकारी ली और अगली मासिक बैठक तक कार्यकारिणी घोषित करने की सख्त आदेश दिए। इस दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष भागीरथी चंद्राकर, जिला प्रवक्ता रमेश साहू, प्रदेश सचिव सुनील शर्मा, धीरज सरफराज, गाड़ा समाज केप्रदेश अध्यक्ष टोमन सिंह कागजी, लोकसभा प्रवक्ता नीरज परोहा, शहर महामंत्री अनीश राजवानी, युवा अनुसुचित प्रदेश सचिव राजू मन्नाडे, जिला संगठन मंत्री युनुस राजवानी, अनुसुचित जाति केजिलाध्यक्ष कुंजु राऐ, गौसेवा केजिलाध्यक्ष मधुकराव अंबिलकर, >> शेष पृष्ठ 15 पर>

अमीर हाशमी की ``गंगरेल अक्रॉस दि महानदी रिवर'' ट्रेवल डॉक्यूमेंट्री दुनिया भर में वाईरल

धमतरी, 16 जुलाई (देशबन्धु)। हाल ही बात है जब फरवरी में धमतरी का नाम देश भर में लोगों ने जाना और राज्य भर के 40 से ज्यादा अखबारों और मैगजीन के मुख्य पृष्ठ पर के अमीर हाशमी के नाम के चर्चे होने लगे, जब स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित शॉर्ट फिल्म 'मिरिर ऑफ दि क्लीन इंडिया' के लिए हाशमी को नेशनल फिल्म डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ था।

वही पिछले साल निर्मित ट्रेवल डॉक्यूमेंटरी 'गंगरेल अक्रॉस दि महानदी रिवर' को जैसे ही फिल्म फेस्टिवल में पार्टिसिपेशन इत्यादि के बाद पिछले हफ्ते आम लोगों के लिए यू-ट्यूब पर प्रदर्शित किया गया तो यह फिल्म वाईरल हो गयी, अब तक इसे तेरह हजार से अधिक लोगों ने देखा है जिसके देखने वालों में यू-ट्यूब एनालिस्टिक रिपोर्ट के अनुसार भारत के साथ-साथ स्विट्जरलैंड, अमेरिका तथा ब्रिटेन जैसे देशों के लोग शामिल है।

3 महीने की शूटिंग व् एडिटिंग से बनी बेमिसाल

लगभग 3 महीनों में अलग-अलग समय पर शूटिंग व् एडिट करके बनी इस ट्रेवल डॉक्यूमेंट्री फिल्म की सिनमेटोग्राफी व् डॉयरेक्शन हाशमी ने किया है, यह एक साइलेंट फिल्म है जिसमें शांत-चित्त घुमते हुये हाशमी ने गंगरेल की सुंदरता को बड़ी खूबसूरती से फिल्माया गया है. जिसमें जितना जुफ़ है, वो उतना ही खामोश है

हाशमी कहते है कि यंग इंडिया अर्थात युवाओं को चाहिये कि वे अपने काम को आकर्षण रहता है, चाहे केरल का चेरुथीनी बांध हो या मध्य प्रदेश का इंदिरा सागर बांध, कर्नाटक के कृष्णराजसमार बांध से लेकर तमिलनाडु के मेट्टूर बांध व् राजस्थान के बिस्लपुर बांध तक पर्यटकों की रूची होती है और गंगरेल बाँध उसी तरह एक बेहद खूबसूरत और आकर्षक बाँध है जिसमें पर्यटन की असीम सम्भावनाएं है।

मास कॉम्युनिकेशन में सुनहरा भविष्य है

अमीर हाशमी कृशाभाऊ ठाकरे जनसंचार तथा पत्रकारिता विश्वविद्यालय, रायपुर से मास कॉम्युनिकेशन में मास्टर्स कर रहे है, वह अपनी इन सफलताओं का श्रेय मान. कुलपति डॉ. एम.एस. परमार तथा प्रोफेसर शहीद अली को देते है। हाशमी कहते हैं कि आने वाला समय मीडिया का ही है, वह युग चला गया है जब अशिक्षित और बेरोजगार लोग भी पत्रकारिता किया करते थे, मगर आज पत्रकारिता किसी डॉक्टर या इंजीनियरिंग की डिग्री से कम नहीं है, एक बड़े न्यूज़ चैनल के एडिटर का सालाना सैलरी पैकेज किसी आई.आई. टी. के इंजीनियर या आई.आई.आई. एम. उत्तीर्ण किसी एम.बी.ए. वाले से कम नहीं है, हर रोज खुलते जा रहे नए-नए चैनलों में क्रिएटिव लोगों के अत्यधिक जरुरत है जिसके लिए मास कॉम्युनिकेशन में भविष्य बहुत सुरक्षित और सुनहरा है, बहु-चर्चित फिल्म बजरंगी भाई-जान व् टूयुबलाइट जैसी फिल्मों के डायरेक्टर कबीर खान ने भी मास-कॉम्युनिकेशन करके ही अपनी करियर की शुरूआत की थी।

स्कूल और कॉलेज जाकर करेंगे फिल्म का प्रमोशन

हाशमी ने बताया कि आने वाले दिनों में वह इस ट्रेवल डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रमोशन स्कूल और कॉलेज जाकर करेंगे और खासकर युवाओं से छत्तीसगढ़ माटी के पुत्र होने के नाते अपील करेंगे कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति के इस महान धरोहर महानदी और गंगरेल को यू-ट्यूब पर ज़रूर देखें तथा शेयर करें।

पाईप लाईन, सौर उर्जा चलित पम्प व रंगमंच का भूमिपूजन

महासमुंद, 16 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत परसाडीह में 4 लाख रूपए की लागत से बनाएं जाने वाले इंटरलाकिंग सड़क, सौर उर्जा से चलित पम्प व पाईप लाईन एवं रंगमंच का भूमि पूजन का कार्यक्रम पंचायत द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ. विमल चोपड़ा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष धरमदास महिलांगे ने की, विशेष अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच श्रीमती हिमांशी उमेंन यादव उपस्थित रहे। विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने ग्रामीणों को निर्माण कार्यों के लिए बधाई देते हुए कहा कि परसाडीह एक आदर्श के रूप में विकसित हो रहा है, आदर्श ग्राम का मतलब भौतिक विकास होने के साथ-साथ सामाजिक विकास भी होना है। किसी भी ग्राम में सड़क, नाली, बिजली, पानी की व्यवस्था होना विकास को दर्शाता है। उसके साथ ही सामाजिक विकास ऐसा विकास है जो दिखता नही सिर्फ महसूस होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद अध्यक्ष धरमदास महिलांगे ने ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को देख रेख के लिए ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि आप लोगो को साल भर सड़क का उपयोग करना है और उर्जा से चलित पम्प से साल भर पानी लेना है। हम लोगो की जिम्मेदारी है कि अच्छे से बने जिसकी निगरानी भी >> शेष पृष्ठ 15 पर>